रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 830] नई दिल्ली, शुक्रवार, सितम्बर 20, 2002/भाद्र 29, 1924
No. 830] NEW DELHI, FRIDAY, SEPTEMBER 20, 2002/BHADRA 29, 1924

वित्त और कंपनी कार्य मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बैंकिंग प्रभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 20 सितम्बर, 2002

का.आ. 1020(अ).—केंद्रीय सरकार, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अध्यादेश, 2002 (2002 का अध्यादेश 3) की धारा 13 की उपधारा (4), उपधारा (10) और उपधारा (12) के साथ पठित धारा 38 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं - इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) 'प्राधिकृत अधिकारी' से किसी पब्लिक सैक्टर बैंक का मुख्य प्रबंधक या समतुल्य से अन्यून कोई अधिकारी अभिप्रेत है, जैसा यथास्थिति प्रतिभूत लेनदार के निदेशक बोर्ड या न्यासी बोर्ड या प्रतिभूत लेनदार के कारबार या कार्यकलापों का अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण की शक्तियों का प्रयोग करने वाले किसी अन्य व्यक्ति या प्राधिकारी द्वारा अध्यादेश के अधीन प्रतिभूत लेनदार के अधिकारों का प्रयोग करने के लिए विनिर्दिष्ट किया गया हो ;

(ख) 'मांग नोटिस' से यथास्थिति किसी प्रतिभूत लेनदार या प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अध्यादेश की धारा 13 की उपधारा (2) के अनुसरण में किसी उधार लेने वाले को जारी किया गया कोई लिखित नोटिस अभिप्रेत है;

(ग) 'अध्यादेश' से वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (दूसरा अध्यादेश) 2002 (2002 का अध्यादेश 3) अभिप्रेत है;

(घ) 'अनुमोदित मूल्यांकक' से यथास्थिति प्रतिभूत लेनदार के निदेशक बोर्ड या न्यासी बोर्ड में यथा अनुमोदित मूल्यांकक अभिप्रेत है;

(ङ) उन शब्दों और पदों के जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किन्तु अध्यादेश में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे जो उनके क्रमशः अध्यादेश में हैं ।

3. **मांग नोटिसः-** (1) अध्यादेश की धारा 13 की उपधारा (2) में निर्दिष्ट मांग नोटिस की तामील उस स्थान पर, जहां उधार लेने वाला या उधार लेने वाले की ओर से नोटिस या दस्तावेज स्वीकार करने के लिए सशक्त उसका अभिकर्ता वास्तव में और स्वेच्छया निवास करता है या कारबार करता है या लाभ के लिए व्यक्तिगत रूप से काम करता है, उधार लेने वाले को या तामील स्वीकार करने के लिए सशक्त उसके अभिकर्ता को संबोधित, रसीदी रजिस्ट्री डाक द्वारा, या कुरियर द्वारा अथवा दस्तावेजों के परेषण के किसी अन्य साधन जैसे फैक्स संदेश या इलैक्ट्रानिकी डाक सेवा द्वारा, परिदत्त करके या परेषित करके की जाएगी:

परंतु जहां प्राधिकृत अधिकारी के पास यह विश्वास करने का कारण है कि उधार लेने वाला या उसका अभिकर्ता नोटिस की तामील से बच रहा है या किसी अन्य कारण से यथा पूर्वोक्त तामील नहीं की जा सकती है, तो तामील उस मकान या भवन के जिसमें उधार लेने वाला या उसका अभिकर्ता साधारणतया निवास करता है या कारबार करता है या लाभ के लिए व्यक्तिगत रूप से काम करता है, बाहर के दरवाजे पर या किसी अन्य सहज दृश्य भाग पर मांग नोटिस की प्रति चिपकाकर और मांग नोटिस की अन्तर्वस्तुएं दो समाचार पत्रों में, एक देशी भाषा में, जिसका उस परिक्षेत्र में पर्याप्त परिचालन हो, प्रकाशित करके भी की जाएगी ।

(2) जहां उधार लेने वाला निगमित निकाय है, वहां मांग नोटिस की तामील उपनियम (1) के अधीन यथा विनिर्दिष्ट साधनों द्वारा निगमित निकाय के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय पर या उसकी शाखाओं में से किसी एक पर, की जाएगी ।

(3) प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उधार लेने वाले पर या उसके अभिकर्ता पर तामील की जाने वाली किसी अन्य लिखित सूचना की तामील उसी रीति से की जाएगी जो इस नियम में यथाउपबंधित है ।

(4) जहा एक उधार लेने वाले से अधिक हैं, वहां मांग नोटिस की तामील प्रत्येक उधार लेने वाले पर की जाएगी

4. नोटिस जारी **करने के पश्चात् प्रक्रिया-** यदि मांग नोटिस में वर्णित रकम का उसमें विनिर्दिष्ट समय के भीतर संदाय नहीं किया जाता है तो प्राधिकृत अधिकारी जंगम संपत्ति का कब्जा लेने के लिए अध्यादेश की धारा 13 की उपधारा (4) में विनिर्दिष्ट अध्युपायों में से किसी एक या अधिक को अपनाकर रकम वसूल करने के लिए अग्रसर होगाः-

(1) जहां प्रतिभूत आस्तियाँ जिनका कब्जा प्रतिभूत लेनदार द्वारा लिया जाने वाला है, उधार लेने वाले के कब्जे में जंगम संपत्ति हैं, वहां प्राधिकृत अधिकारी ऐसी जंगम संपत्ति का कब्जा इन नियमों के परिशिष्ट - I में यथा संभव निकटतम रूप से पंचनामा तैयार किए जाने और दो साक्षियों द्वारा उसे हस्ताक्षरित किए जाने के पश्चात् दो साक्षियों की उपस्थिति में लेगा ।

(2) उक्त उपनियम (1) के अधीन कब्जा लेने के पश्चात्, प्राधिकृत अधिकारी इन नियमों के परिशिष्ट II में दिए गए प्ररूप में यथासंभव निकटतम रूप से संपत्ति की एक तालिका बनाएगा या बनवाएगा और उधार लेने वाले को या उधार लेने वाले की ओर से प्राप्त करने के लिए हकदार किसी व्यक्ति को ऐसी तालिका की प्रति का परिदान करेगा या करवाएगा ।

(3) प्राधिकृत अधिकारी उपनियम (1) के अधीन कब्जे में ली गई संपत्ति को या तो अपनी अभिरक्षा में या उसके द्वारा प्राधिकृत या नियुक्त किसी व्यक्ति की अभिरक्षा में रखेगा जो अपनी अभिरक्षा संपत्ति की वैसे ही देखरेख करेगा जैसे सामान्य प्रज्ञा वाला स्वामी, वैसी ही परिस्थितियों में, ऐसी संपत्ति की करता ।

परतु यदि ऐसी संपत्ति शीघ्रतया या प्रकृत्या क्षयशील है या ऐसी संपत्ति के अभिरक्षा में रखने का व्यय उसके मूल्य से अधिक होने की संभावना है तो प्राधिकृत अधिकारी उसका तुरंत विक्रय कर सकेगा ।

(4) प्राधिकृत अधिकारी प्रतिभूत आस्तियों के परिरक्षण और संरक्षण के लिए उपाय करेगा और उनका विक्रय या अन्यथा व्ययन होने तक उनका, यदि आवश्यक हो तो, बीमा कराएगा ।

(5) यदि कोई प्रतिभूत आस्तिः-

(क) कोई ऋण है जो परक्राम्य लिखत द्वारा प्रत्याभूत नहीं है या

(ख) किसी निगमित निकाय में शेयर है;

(ग) अन्य जंगम संपत्ति है जो उधार लेने वाले के कब्जे में नहीं है, उस संपत्ति को छोड़कर जो किसी न्यायालय या किसी वैसे ही प्राधिकारण के पास जमा है या उसकी अभिरक्षा में है, वहां प्राधिकृत अधिकारी निम्नलिखित रूप में उसका कब्जा अभिप्राप्त करेगा या नोटिस की तामील द्वारा ऋण की वसूली करेगाः-

(i) किसी ऋण की दशा में उधार लेने वाले का ऋण या ब्याज की वसूली से और ऋणी का उसका संदाय करने से, प्रतिषेध करके और ऋणी को प्राधिकृत अधिकारी को ऐसा संदाय करने के लिए निदेशित करके; या

(ii) किसी निगमित निकाय में शेयरों की दशा में, उधार लेने वाले को प्रतिभूत लेनदार को उनका अन्तरण करने का और निगमित निकाय को प्रतिभूत लेनदार से भिन्न किसी व्यक्ति के पक्ष में ऐसे शेयरों का अन्तरण न करने का निदेश देकर । इस प्रकार भेजे गए नोटिस की प्रति को सम्बन्धित निगमित निकाय के निर्गम-रजिस्ट्रार को या शेयरों का अन्तरण करने वाले अभिकर्ताओं को पृष्ठांकित किया जा सकेगा ।

(iii) अन्य जंगम संपत्ति की दशा में (यथापूर्वोक्त को छोड़कर) उधार लेने वाले और कब्जा रखने वाले व्यक्ति को उसे किसी प्राधिकृत अधिकारी को सौंपने के लिए अपेक्षा करके और प्राधिकृत अधिकारी ऐसी जंगम संपत्ति को अभिरक्षा में उसी रीति से लेगा जो उपनियम (1) से उपनियम (3) में उपबंधित की गई है ।

(iv) इस नियम के अन्तर्गत आने वाली से भिन्न जंगम प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, ऐसी प्रतिभूत आस्तियों के हक का साक्ष्य देने वाले दस्तावेजों का कब्जा लेकर, लिया जाएगा ।

5. जंगम प्रतिभूत **आस्तियों का मूल्यांकन** नियम 4 के उपनियम (1) के अधीन कब्जा लेने के पश्चात् और किसी भी दशा में विक्रय के पूर्व, प्राधिकृत अधिकारी जंगम प्रतिभूत आस्तियों का प्राकलित मूल्य अभिप्राप्त करेगा और तत्पश्चात्, यदि आवश्यक समझा जाए तो, प्रतिभूत लेनदार के साथ परामर्श करके, प्रतिभूत लेनदार के शोध्यों के वसूलीकरण में विक्रय की जाने वाली आस्तियों की आरक्षित कीमत तय करेगा ।

6. जंगम प्रतिभूत **आस्तियों का विक्रय** (1) प्राधिकृत अधिकारी एक या अधिक लाटों में नियम 4 के उपनियम(1) के अधीन कब्जा ली गई प्रतिभूत जंगम आस्तियों का, विक्रय की जाने वाली आस्तियों के लिए अधिकतम विक्रय कीमत प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित पद्धतियों में से किसी को अपनाकर विक्रय कर सकेगा-

(क) प्रतिभूत आस्तियों में संव्यवहार करने वाले या ऐसी आस्तियों का क्रय करने में अन्यथा हितबद्ध पक्षकारों से कोटेशन अभिप्राप्त् करके; या

(ख) जनता से निविदाएं आमंत्रित करके; या

(ग) सार्वजनिक नीलामी करके; या

(घ) प्राइवेट संधि द्वारा ।

(2) प्राधिकृत अधिकारी उपनियम (1) के अधीन जंगम प्रतिभूत आस्तियों के विक्रय के लिए उधार लेने वाले पर तीस दिन के नोटिस की तामील करेगाः

यदि ऐसी प्रतिभूत आस्तियों का विक्रय या तो जनता से निविदाएं आमंत्रित करके या सार्वजनिक नीलामी करके किया जाता है, तो प्रतिभूत लेनदार दो प्रमुख समाचार पत्रों में, एक देशी भाषा में जिसका उस परिक्षेत्र में पर्याप्त परिचालन हो, ऐसे विक्रय निबंधन उपवर्णित करते हुए, सार्वजनिक नोटिस दिलवाएगा, जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित होगा-

(क) उधार लेने वाले और प्रतिभूत लेनदार के बारे में ब्यौरे;

(ख) विक्रय की जाने वाली जंगम प्रतिभूत आस्तियों का, उन पर पहचान चिन्हों या संख्याओं सहित, यदि कोई हो, वर्णन;

(ग) आरक्षित कीमत, यदि कोई हो, और संदाय का समय और रीति;

(घ) सार्वजनिक नीलामी का समय और स्थान या वह समय जिसके पश्चात् किसी अन्य तरीके से विक्रय पूर्ण किया जाएगा;

(ङ) अग्रिम धन, जिसे प्रतिभूत लेनदार द्वारा अनुबद्ध किया जाए, जमा करने का ब्यौरा ।

(च) कोई अन्य वस्तु जिसे प्राधिकृत अधिकारी क्रेता के लिए जंगम प्रतिभूत आस्तियों की प्रकृति और मूल्य का निर्णय करने के लिए, जानने के लिए तात्विक समझता है ।

(3) सार्वजनिक नीलामी या सार्वजनिक निविदा से भिन्न किसी अन्य पद्धति द्वारा विक्रय ऐसे निबंधनों पर होगा जो पक्षकारों के बीच लिखित रूप से तय किए जाएं ।

के प्रमाण पत्र **का जारी करना-** (1) जहां जंगम प्रतिभूत आस्तियों का विक्रय किया जाता है, वहां त्येक लॉट की विक्रय कीमत का संदाय सार्वजनिक नोटिस के निबंधनों के अनुसार या ऐसे निबंधनों पर, ो यथास्थिति पक्षकारों के बीच तय पाए जाएं, किया जाएगा और संदाय के व्यतिक्रम की दशा में जंगम ेभूत आस्तियां पुनः विक्रय किए जाने की दायी होंगी;

विक्रय कीमत के संदाय पर, प्राधिकृत अधिकारी इन नियमों के परिशिष्ट III में दिए गए विहित रूप में, विक्रय की गई जंगम प्रतिभूत आस्तियों, संदत्त की गई कीमत और क्रेता का नाम विनिर्दिष्ट करते हुए विक्रय का प्रमाण पत्र जारी करेगा और तत्पश्चात् विक्रय आत्यंतिक हो जाएगा । इस प्रकार जारी किया गया विक्रय का प्रमाण पत्र क्रेता के हक का प्रथम दृष्टया साक्ष्य होगा ।

(3) जहां जंगम प्रतिभूत आस्तियां वे हैं, जो अध्यादेश की धारा 2 की उपधारा (1) के खंड (ठ) के उपखंड (iii) से (v) में निर्दिष्ट है, वहां इन नियमों और नियम 7 में अंतर्विष्ट उपबंध जो, जंगम प्रतिभूत आस्तियों के विक्रय से संबंधित है, यथाआवश्यक परिवर्तनों सहित ऐसी आस्तियों को लागू होंगे ।

8. स्थावर प्रतिभूत आस्तियों का विक्रय -- (1) जहां प्रतिभूत आस्ति कोई स्थावर संपत्ति है, वहां प्राधिकृत अधिकारी इन नियमों के परिशिष्ट IV में यथासंभव निकटतम रूप से तैयार किया गया कब्जे की सूचना उधार लेने वाले को परिदत्त करके और बाहर के दरवाजे पर या कब्जा सूचना को संपत्ति के ऐसे सहजदृश्य स्थान पर चिपकाकर, कब्जा लेगा या कब्जा दिलाएगा ।

(2) प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, उपनियम (1) में निर्दिष्ट कब्जा सूचना दो प्रमुख समाचार पत्रों में, एक देशी भाषा में, जिसका उस परिक्षेत्र में पर्याप्त परिचालन है, प्रकाशित किया जाएगा ।

(3) प्राधिकृत अधिकारी द्वारा स्थावर संपत्ति का वास्तविक कब्जा लिए जाने की दशा में, ऐसी सपंत्ति उसकी स्वयं की अभिरक्षा में या उसके द्वारा प्राधिकृत या नियुक्त किसी ऐसे व्यक्ति की अभिरक्षा में रखी जाएगी, जो अपने कब्जे में संपत्ति की उतनी ही देखभाल करेगा, जितनी वैसी ही परिस्थितियों में मामूली प्रज्ञा वाला कोई स्वामी अपनी संपत्ति की देखभाल करता ।

(4) प्राधिकृत अधिकारी आस्तियों के परिरक्षण और संरक्षण के लिए उपाय करेगा और यदि आवश्यक हो, तो उनका विक्रय किए जाने या अन्यथा निपटारा किए जाने तक उनका बीमा कराएगा ।

(5) प्राधिकृत अधिकारी, नियम 9 के उपनियम (1) में निर्दिष्ट स्थावर संपत्ति का विक्रय करने से पूर्व किसी अनुमोदित मूल्यांकक से संपत्ति का मूल्यांकन अभिप्राप्त करेगा और प्रतिभूत लेनदार से परामर्श करके संपत्ति की आरक्षित कीमत नियत करेगा और ऐसी स्थावर प्रतिभूत संपत्ति को पूर्णतः या उसके किसी भाग को निम्नलिखित रीतियों में से, किसी में विक्रय कर सकेगा :--

(क) वैसी ही प्रतिभूत आस्तियों से व्यौहार करने वाले व्यक्ति या ऐसी आस्तियों का क्रय करने में अन्यथा हितबद्ध व्यक्ति से, कोटेशन अभिप्राप्त करके ; या

(ख) जनता से निवदाएं आमंत्रित करके ; या

(ग) सार्वजनिक नीलामी करके ; या

(घ) प्राइवेट संधि द्वारा ।

(6) प्राधिकृत अधिकारी, उधार लेने वाले को स्थावर प्रतिभूत आस्तियों के विक्रय के लिए उपनियम (5) के अधीन तीस दिन की सूचना की तामील करेगा :

परन्तु यह कि यदि ऐसी प्रतिभूत आस्ति का विक्रय जनता से निविदाएं आमंत्रित करके या सार्वजनिक नीलामी करके किया जाता है, तो प्रतिभूत लेनदार विक्रय के निबंधन तय करते हुए दो प्रमुख समाचार पत्रों में, एक देशी भाषा में, जिसका उस परिक्षेत्र में पर्याप्त परिचालन है, सार्वजनिक सूचना प्रकाशित कराएगा, जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित होगा,-

(क) विक्रय की जाने वाली स्थावर संपत्ति का वर्णन, जिसके अंतर्गत प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात विल्लंगमों के ब्यौर भी हैं ;

(ख) वसूली के लिए प्रतिभूत ऋण जिसके लिए संपत्ति का विक्रय किया जाना है ;

(ग) वह आरक्षित कीमत, जिससे कम पर संपत्ति का विक्रय नहीं किया जा सकेगा ;

(घ) सार्वजनिक नीलामी का समय और स्थान या वह समय, जिसके पश्चात् किसी अन्य रीति से विक्रय पूरा किया जाएगा ;

(ङ) जमा की जाने वाली अग्रिम धनराशि, जो प्रतिभूत लेनदार द्वारा नियत की जाए ;

(च) कोई अन्य बात जिसे प्राधिकृत अधिकारी संपत्ति की प्रकृति और मूल्य को जानने के लिए किसी क्रेता को ज्ञात कराना सारवान् समझे ।

(7) विक्रय की प्रत्येक सूचना स्थावर संपत्ति के किसी सहजदृश्य स्थान पर चिपकाई जाएगी और यदि प्राधिकृत अधिकारी इसे ठीक समझे, तो इसे प्रतिभूत लेनदार के इंटरनेट की वेबसाइट पर प्रेषित किया जाएगा ।

(8) वास्तविक नीलामी या सार्वजनिक निविदा से भिन्न किसी अन्य रीति द्वारा विक्रय ऐसे निबंधनों पर होगा, जो पक्षकारों के बीच लिखित में तय पाई जाएं ।

9. विक्रय का समय, विक्रय प्रमाणपत्र जारी करना और कब्जा आदि का परिदान-- (1) इन नियमा के अधीन स्थावर संपत्ति का विक्रय, उस तारीख से, जिसको विक्रय की सार्वजनिक सूचना उपनियम (6) के परन्तुक में यथानिर्दिष्ट समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाती है या उधार लेने वाले को विक्रय की सूचना की तामील कर दी जाती है, के तीस दिन के अवसान से पूर्व नहीं किया जाएगा ।

(2) विक्रय की ऐसे क्रेता के पक्ष में पुष्टि की जाएगी, जिसने प्राधिकृत अधिकारी को अपनी बोली या निविदा या कोटेशन या प्रस्थापना में उच्चतम विक्रय कीमत की प्रस्थापना की है और यह प्रतिभूत लेनदार द्वारा पुष्टि किए जाने के अध्यधीन होगी :

परन्तु यह कि यदि विक्रय कीमत द्वारा प्रस्थापित रकम नियम 9 के उपनियम (5) के अधीन विनिर्दिष्ट आरक्षित कीमत से कम है, तो इस नियम के अधीन किसी विक्रय की पुष्टि नहीं की जाएगी :

परन्तु यह और कि यदि प्राधिकृत अधिकारी आरक्षित कीमत से उच्चतर कीमत अभिप्राप्त करने में असफल रहता है, तो वह उधार लेने वाले और प्रतिभूत लेनदार की सहमति से ऐसी कीमत पर विक्रय कर सकेगा ।

(3) स्थावर संपत्ति के प्रत्येक विक्रय पर, क्रेता तुरन्त विक्रय कीमत की रकम का पचीस प्रतिशत का निक्षेप, विक्रय का संचालन करने वाले प्राधिकृत अधिकारी को करेगा और ऐसे निक्षेप के व्यतिक्रम में, संपत्ति का तत्काल पुनः विक्रय किया जाएगा ।

(4) क्रेता द्वारा संदेय क्रय कीमत की अवशेष रकम का संदाय प्राधिकृत अधिकारी को, स्थावर संपत्ति के विक्रय की पुष्टि के पन्द्रहवें दिन या उससे पूर्व या ऐसी बढ़ाई गई अवधि के भीतर, जो पक्षकारों के बीच लिखित में करार पाई जाए, किया जाएगा ।

(5) उपनियम (4) में वर्णित अवधि के भीतर संदाय के व्यतिक्रम में, निक्षेप समपहृत हो जाएगा और संपत्ति का पुनः विक्रय किया जाएगा तथा व्यतिक्रम करने वाले क्रेता के ऐसी रकम के किसी भाग पर जिसके लिए पश्चातवर्ती विक्रय किया जाए, सभी दावे समपहृत हो जाएंगे ।

(6) प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय की पुष्टि किए जाने पर और यदि संदाय के निबंधनों का अनुपालन किया गया है, तो विक्रय की शक्तियों का प्रयोग करने वाला प्राधिकृत अधिकारी, इन नियमों के परिशिष्ट 5 में दिए प्ररूप में क्रेता के पक्ष में स्थावर संपत्ति के विक्रय का प्रमाणपत्र जारी करेगा ।

(7) जहां विक्रय की गई स्थावर संपत्ति किसी विल्लंगम के अध्यधीन है, प्राधिकृत अधिकारी, यदि ठीक समझे, क्रेता को उसके पास, विल्लंगम और उस पर देय किसी ब्याज का ऐसी किसी अतिरिक्त रकम के साथ, जो आकस्मिकताओं या और लागत, व्ययों और ब्याज जो, उसके द्वारा अवधारित की जाए को पूरा करने के लिए पर्याप्त हो सकेगी के उन्मोचन के लिए अपेक्षित धन का निक्षेप अनुज्ञात कर सकेगा ।

(8) विल्लंगमों के उन्मोचन के लिए धन के ऐसे निक्षेप पर, प्राधिकृत अधिकारी हितबद्ध व्यक्तियों को सूचनाएं जारी कर सकेगा या क्रेता से जारी करवाएगा या उसके पास धन का निक्षेप कराने के लिए उसे हकदार बनाएगा और तद्नुसार संदाय करने के लिए उपाय करेगा ।

(9) प्राधिकृत अधिकारी उपर्युक्त उपनियम (7) में यथा विनिर्दिष्ट धन के निक्षेप किए जाने पर प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात विल्लंगमों से मुक्त संपत्ति क्रेता को परिदत्त करेगा ।

(10) उपनियम (6) के अधीन जारी विक्रय प्रमाणपत्र में विनिर्दिष्टतया उल्लेख होगा कि क्या क्रेता ने प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात किन्हीं विल्लंगमों से मुक्त स्थावर सपंत्ति का क्रय किया है या नहीं ।

10. प्रबंधक की नियुक्ति-- (1) यथास्थिति, निदेशक बोर्ड या न्यास बोर्ड, उधार लेने वाले के परामर्श से किसी व्यक्ति को (जिसे इसमें इसके पश्चात् प्रबंधक कहा गया है) ऐसी प्रतिभूत आस्तियों का, जिसका कब्जा प्रतिभूत लेनदार द्वारा लिया गया है, प्रबंध करने के लिए नियुक्त कर सकेगा ।

(2) यथास्थिति, निदेशक बोर्ड या न्यास बोर्ड द्वारा नियुक्त प्रबंधक उधार लेने वाले का अभिकर्ता समझा जाएगा और उधार लेने वाला प्रबंधक के कृत्यों के कार्य या लोप के लिए तब तक पूर्णतः उत्तरदायी नहीं होगा जब तक कि ऐसे कार्य या लोप प्रतिभूत लेनदार या प्राधिकृत अधिकारी के अनुचित हस्तक्षेप के कारण हों ।

(3) प्रबंधक को लिखित में सूचना द्वारा, ऐसे किसी व्यक्ति से, जिसने उधार लेने वाले से प्रतिभूत आस्तियों में से कोई अर्जित की हैं, किसी धन की, जो उधार लेने वाले को शोध्य हो या शोध्य हो सकने के कारण देय हो, वसूली करने की शक्ति होगी ।

(4) प्रबंधक ऐसे व्यक्ति को, जिसने उपनियम (3) के अधीन संदाय किया है, विधिमान्य उन्मोचन उसी प्रकार देगा, मानो उसने उधार लेने वाले को संदाय किया हो ।

(5) प्रबंधक, अध्यादेश की धारा 13 की उपधारा (7) में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार, उसके द्वारा प्राप्त सभी धनों का उपयोजन करेगा ।

11. प्रतिभूत ऋण की कमी की वसूली के लिए प्रक्रिया

(1) अध्यादेश की धारा 13 की उपधारा (10) के अनुसरण में किसी प्रतिभूत लेनदार द्वारा अतिशेष रकम की वसूली के लिए कोई आवेदन ऋण वसूली अधिकरण को इन नियमों के परिशिष्ट 6 में यथा उपाबद्ध प्ररूप में प्राधिकृत अधिकारी या उसके अभिकर्ता या सम्यक रूप से प्राधिकृत किसी विधि व्यवसायी द्वारा, उस न्यायपीठ के रजिस्ट्रार को, जिसकी अधिकारिता के भीतर उसका मामला आता है, प्रस्तुत की जाएगी या ऋण वसूली अधिकरण के रजिस्ट्रार को संबोधित करते हुए रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजी जाएगी ।

(2) बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को शोध्य ऋण वसूली अधिनियम, 1993 (1993 का 51) के अधीन बनाए गए ऋण वसूली अधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के उपबंध उपनियम (1) के अधीन फाइल किए गए किसी आवेदन को यथा आवश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगे ।

(3) उपनियम (1) के अधीन किसी आवेदन के साथ ऋण वसूली अधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के नियम 7 में यथाउपबंधित फीस होगी ।

[फा. सं. 1/3/2002-बी.ओ. I]

शेखर अग्रवाल, संयुक्त सचिव

परिशिष्ट - 1

[नियम 4(1)]

पंचनामा

हम,

क्रम. सं.	पंच का नाम और पिता/पति का नाम	पता	आयु	व्यवसाय

ऊपर उल्लिखित पंचों ने, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (दूसरा) अध्यादेश, 2002 (2002 का अध्यादेश 3) के अधीन ..... के (संस्था का नाम) प्राधिकृत अधिकारी श्री ..... द्वारा बुलाए जाने पर और उक्त अध्यादेश की धारा 13(4) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए आज ..... बजे श्री / मैसर्स ..... के परिसर में प्रवेश किया और उधार खाता संख्या ..... की बाबत तारीख ..... की मांग-नोटिस में उल्लिखित शोध्यों के संदाय की मांग की तथा उसका संदाय न किए जाने पर हमारी उपस्थिति में ..... बजे और ..... बजे के बीच इस पंचनामें से संलग्न तालिका में यथा वर्णित जंगम संपत्तियों का कब्जा लिया ।

हम यह भी कथन करते है कि कब्जा लिए जाने के दौरान .....
.....

(किसी घटना के होने की दशा में भरा जाएगा)

अतः, हम यह घोषणा करते है कि इसमें उल्लिखित पंचनामें के तथ्य हमारे सर्वोत्तम संप्रेक्षण और जानकारी के अनुसार सत्य और सही हैं ।

1. हस्ताक्षर तारीख समय

   नाम

   पता

2. - यथोक्त -

मेरे समक्ष तैयार किया गया

प्राधिकृत अधिकारी

परिशिष्ट - 2

[नियम 4(2)]

तालिका

उधार खाता संख्या ..... के संबंध में कब्जे में ली गई जंगम संपत्तियों की तालिका

.....

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (दूसरा) अध्यादेश, 2002 और उसके अधीन बनाए गए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अधीन श्री ..... द्वारा, जो उक्त अध्यादेश के अधीन ..... के (संस्था का नाम) प्राधिकृत अधिकारी है, आज तारीख ..... 20.... को ..... बजे के बीच श्री / मैसर्स .....के प्लाट संख्या ..... / गाला सं. ..... / मकान नं. ....., गली सं. ....., ... के परिसर पर कब्जे में ली गई जंगम संपत्तियों की तालिका ।

क्रम. सं.	वस्तु का वर्णन	अनुमानित मूल्य	वह स्थान जहां सुरक्षित अभिरक्षा में रखी गई (व्यक्ति का नाम, यदि आवश्यक हो)

पंच :

क्रम. सं.	पंच का नाम और पता	हस्ताक्षर

आज तारीख ..... 20..... को ..... में ..... बजे मेरे द्वारा तैयार किया गया ।

उधार लेने वाले / प्रतिनिधि के हस्ताक्षर

प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

परिशिष्ट - 3

[नियम 7(2)]

विक्रय प्रमाण-पत्र

(जंगम संपत्ति के लिए)

अद्योहस्ताक्षरी ने, जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (दूसरा) अध्यादेश, 2002 के अधीन ..... का (संस्था का नाम) प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित धारा 13 की उपधारा (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ... (प्रतिभूत लेनदार) द्वारा प्रदत्त ..... (वर्णन) वित्तीय सुविधा के मद्दे ..... (उधार लेने वालों के नाम) द्वारा ..... के (प्रतिभूत लेनदार का नाम) पक्ष में प्रतिभूत, निम्नलिखित जंगम संपत्ति का ..... (क्रेता) के पक्ष में ..... (प्रतिभूत लेनदार / संस्था का नाम) की ओर से ..... रुपए (..... रुपए) के संदाय के प्रतिफल स्वरूप विक्रय किया है । अद्योहस्ताक्षरी, पूर्ण विक्रय कीमत की प्राप्ति की अभिस्वीकार करता है और नीचे सूचीबद्ध मदों का परिदान और कब्जा हस्तांतरित करता है ।

गम संपत्ति का विवरण

ह/-

प्राधिकृत अधिकारी

तारीख :

स्थान :

परिशिष्ट - 4

[नियम 8(1)]

कब्जे की सूचना

(स्थावर संपत्ति के लिए)

अद्योहस्ताक्षरी ने, जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (दूसरा) अध्यादेश, 2002 (2002 का अध्यादेश 3) के अधीन ..... का (संस्था का नाम) प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधार लेने वाले श्री ..... / मैसर्स ..... को, तारीख ..... को एक मांग नोटिस उसमें उल्लिखित रकम का, जो ..... रु. (..... रुपए) है, उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी ।

उधार लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर, उधार लेने वाले और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अद्योहस्ताक्षरी ने, उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित उक्त अध्यादेश की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आज तारीख ..... 20.... को इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है ।

उधार लेने वाले को और विशिष्ट रूप से और जनसाधारण को इसके द्वारा सावधान किया जाता है कि वह संपत्ति के संबंध में व्यौहार करे और संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का व्यौहार ..... रु. की रकम और उसपर ब्याज के लिए ..... (संस्था का नाम के) प्रभार के अधीन होगा ।

स्थावर संपत्ति का वर्णन
संपत्ति के ऐसे सभी भाग, जिसमें फ्लैट सं. ..... / प्लाट सं. ..... समाविष्ट है, जिसका
सर्वेक्षण सं. ..... / शहर या नगर सर्वेक्षण सं. ..... / खसरा सं. ..... है और जो
उप जिला ..... और जिला ..... में रजिस्ट्रीकृत है तथा जिसके
उत्तर में .....
दक्षिण में .....
पूर्व में .....
पश्चिम में ..... है

ह/-
प्राधिकृत अधिकारी
(संस्था का नाम)

तारीख :
स्थान :

परिशिष्ट - 5

[नियम 9(6)]

विक्रय प्रमाण-पत्र

(स्थावर संपत्ति के लिए)

अद्योहस्ताक्षरी ने, जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (दूसरा) अध्यादेश, 2002 (2002 का अध्यादेश 3) के अधीन ..... का (संस्था का नाम) प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 12 के साथ पठित धारा 13 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे अनुसूची में दर्शित ..... (प्रतिभूत लेनदार का नाम) के पक्ष में प्रतिभूत स्थावर संपत्ति को, ... (प्रतिभूत लेनदार / संस्था का नाम) की ओर से ..... (प्रतिभूत लेनदार) द्वारा प्रस्थापित ..... वित्तीय सुविधा (विवरण) के मद्दे ..... (उधार लेने वालों के नाम) द्वारा ..... (क्रेता) के पक्ष में विक्रय किया । अद्योहस्ताक्षरी, पूर्ण विक्रय कीमत की प्राप्ति अभिस्वीकारकर्ता है और अनुसूचित संपत्ति का परिदान और कब्जा परिदत्त करता है । अनुसूचित संपत्ति का विक्रय अद्योहस्ताक्षरी द्वारा मांगे गए धन को जमा करने पर नीचे सूचीबद्ध प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात सभी विल्लंगमों से मुक्त रूप में किया गया था ।

जंगम संपत्ति का वर्णन
संपत्ति के ऐसे सभी भाग, जिसमें फ्लैट सं. ..... / प्लाट सं. ..... समाविष्ट है, जिसका
सर्वेक्षण सं. ..... / शहर या नगर सर्वेक्षण सं. ..... / खसरा सं. ..... है और जो
उप जिला ..... और जिला ..... में रजिस्ट्रीकृत है तथा जिसके
उत्तर में .....
दक्षिण में .....
पूर्व में .....
पश्चिम में ..... है

विल्लंगमों की सूची

1.

2.

ह/-
प्राधिकृत अधिकारी
(संस्था का नाम)

तारीख :
स्थान :

परिशिष्ट - 6

प्ररूप

[नियम 11(1) देखें]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (दूसरा) अध्यादेश, 2002 की धारा 13 की उपधारा (10) के अधीन आवेदन ।

कार्यालय में प्रयोग के लिए

..... फाइल करने की तारीख

..... डाक द्वारा प्राप्ति की तारीख

रजिस्ट्रीकरण संख्या .....

हस्ताक्षर

रजिस्ट्रार

ऋण वसूली अधिकरण में

(स्थान का नाम)

क.ख.	और	आवेदक
ग.घ.	के बीच	प्रत्यर्थी

जो लागू न हो उन्हें काट दें ।

आवेदन के ब्यौरे :

1. आवेदक की विशिष्टियां

(i) आवेदक का नाम
(ii) रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता
(iii) सभी सूचनाओं की तामील के लिए पता

2. (प्रतिवादी) की विशिष्टियां

(i) (प्रतिवादी) का नाम
(ii) (प्रतिवादी) के कार्यालय का पता
(iii) सभी सूचनाओं की तामील के लिए पता

3. अधिकरण की अधिकारिता

आवेदक यह घोषणा करता है कि ऋण की वसूली की विषय-वस्तु, अधिकरण की अधिकारिता के भीतर आती है ।

4. परिसीमा

आवेदक यह भी घोषणा करता है कि आवेदन, बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को शोध्य ऋण की वसूली अधिनियम, 1993 की धारा 24 में विहित परिसीमाओं के भीतर है ।

5. मामले के तथ्य

मामले के तथ्य नीचे दिए गए है :-
(यहां कालानुक्रम से तथ्यों का संक्षिप्त विवरण दें, प्रत्येक पैरा में जहां तक संभव हो पृथक् विवाद्यक, तथ्य या अन्यथा हों ।)

6. प्रतिभूतियों के विक्रय से की गई वसूली का ब्यौरा :

(यहां किए गए विक्रय / विक्रयों का / के प्रतिभूतिवार ब्यौरा और लागत ब्याज तथा मूल राशि के मद्दे विक्रय आगम की वसूली, विनियोग और वसूली की जाने के लिए अधिशेष राशि दें ।

7. मांगा गया (मांगे गए) अनुतोष

ऊपर पैरा 5 में उल्लिखित तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, आवेदक निम्नलिखित अनुतोष के लिए प्रार्थना करता है :-
[नीचे मांगे गए अनुतोष को विनिर्दिष्ट करें जिसमें अनुतोष के आधार और अवलंब लिए गए विधिक उपबंधों (यदि कोई हो) स्पष्ट किया जाए ।]

8. यदि अंतरिम आदेश प्रार्थी हो :

आवेदन के अंतिम विनिश्चय के लंबित रहते हुए, आवेदक, निम्नलिखित अंतरिम आदेश जारी करवाना चाहता है :- (यहां प्रार्थित अंतरिम आदेश की प्रकृति और उसके कारण बताएं ।)

9. किसी अन्य न्यायालय में मामले का लंबित न होना आदि

आवेदक यह भी घोषणा करता है कि वह मामला जिसके संबंध में आवेदन किया गया है, किसी भी विधि के न्यायालय या अन्य प्राधिकरण या किसी न्यायपीठ या अधिकरण के समक्ष लंबित नहीं है ।

10. आवेदन फीस की बाबत बैंक ड्राफ्ट / पोस्टल आर्डर का ब्यौरा

(1) उस बैंक का नाम जिस पर लिखा गया है :
(2) डिमांड ड्राफ्ट सं. :

या

(1) भारतीय पोस्टल आर्डर(रों) का संख्यांक :
(2) जारी करने वाले डाकघर का नाम :
(3) पोस्टल आर्डर(रों) को जारी करने की तारीख :
(4) वह डाकघर जहां संदेय है :

11. अनुक्रमणिका का ब्यौरा

उन दस्तावेजों के ब्यौरे वाली अनुक्रमणिका, दो प्रतियों में संलग्न है जिस पर भरोसा किया गया है ।
(इन दस्तावेजों में प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री और वसूली किए गए विक्रय आगम से संबंधित विक्रय प्रमाण-पत्रों या किसी अन्य दस्तावेज की प्रतियां सम्मिलित होनी चाहिए) ।

12. अनुलग्नकों की सूची :

सत्यापन

मैं ..... (स्पष्ट अक्षरों में नाम) जो श्री ..... का पुत्र / पुत्री / पत्नी हूं और जो ..... (कंपनी का नाम) का ..... (पदनाम) हूं तथा जिसके पास ..... (कंपनी का नाम) से विधिमान्य मुख्तारनामा है, यह सत्यापित करता हूं कि पैरा 1 से 11 की अंतर्वस्तु मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है और मैंने किसी तथ्य का छिपाया नहीं है ।

आवेदक के हस्ताक्षर

तारीख :
स्थान :

सेवा में,

रजिस्ट्रार
.....
.....
.....

MINISTRY OF FINANCE AND COMPANY AFFAIRS

(Department of Economic Affairs)

(BANKING DIVISION)

NOTIFICATION

New Delhi, the 20th September, 2002

S.O. 1020 (E). —In exercise of the powers conferred by Sub-section (1) and clause (b) of Sub-section (2) of Section 38 read with Sub-Sections (4), (10) and (12) of Section 13 of the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Ordinance, 2002 (Ord. 3 of 2002), the Central Government hereby makes the following rules, namely:—

1. Short title and commencement.— (1) These rules may be called the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002.

(2) They shall come into force from the date of their publication in the Official Gazette.

2. Defination.—In these rules, unless the context otherwise requires,—

(a) "authorised officer" means an officer not less than a chief manager of a public sector bank or equivalent, as specified by the Board of Directors or Board of Trustees of the secured creditor or any other person or authority exercising powers of superintendence, direction and control of the business or affairs of the secured creditor, as the case may be, to exercise the rights of a secured creditor under the Ordinance;

(b) demand notice means the notice in writring issued by a secured creditor or authorised officer, as the case may be, to any borrower pursuant to sub-Section (2) of Section 13 of the Ordinance;

(c) "Ordinance" means the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest (Second) Ordinance, 2002 (Ord. 3 of 2002);

(d) "approved valuer" means a valuer as approved by the Board of Directors or Board of Trustees of the secured creditor, as the case may be ;

(e) Words and expressions used and not defined in these Rules but defined in the Ordinance shall have the meanings respectively assigned to them in the Ordinance.

3. Demand Notice:—(1) The service of demand notice as referred to in Sub-section (2) of Section 13 of the Ordinance shall be made by delivering or transmitting at the place where the borrower or his agent, empowered to accept the notice or documents on behalf of the borrower, actually and voluntarily resides or carries on business or personally works for gain, by registered post with acknowledgement due, addressed to the borrower or his agent empowered to accept the service or by Speed Post or by courier or by any other means of transmission of documents like fax message or electronic mail service:

